MPHIN/2023/88306

डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26

# यशस्वी दुनिया

खबर वही सोच नई...

साप्ताहिक

सम्पादक
कैलाश विश्वकर्मा
मो.7898341111

yashasviduniya@gmail.com

वर्ष -3 अंक -16 मंदसौर, 8 अक्टूबर 2025 बुधवार से 14 अक्टूबर 2025 तक पृष्ठ -4 किमत 2 रू.

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण शामगढ़ में गुरुवार को..

### कैलाश विजयवर्गीय रहेंगे मुख्य अतिथि





यशस्वी दुनिया ⊙शामगढ़

शामगढ़ । नगर परिषद द्वारा शिव हनुमान मंदिर झंडा चौक पर निर्मित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की भव्य प्रतिमा का अनावरण एवं महाराणा प्रताप उद्यान का लोकार्पण गुरुवार 9 अक्टूबर, प्रातः 11:30 बजे किया जाएगा।

मुख्य अतिथि होंगे नगरीय आवास विकास एवं संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जबकि मंच पर सांसद सुधीर गुप्ता, बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित, सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग, गरोठ विधायक चंदर सिंह सिसोदिया,मंदसौर के पूर्व विधायक यशपाल सिसोदिया, और नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव मौजूद रहेंगे। नगर परिषद अध्यक्ष कविता यादव और सीएमओ सुरेश यादव के नेतृत्व में इस प्रतिमा और उद्यान का निर्माण कार्य पूरा किया गया है। प्रतिमा की ऊँचाई लगभग 15 फीट है, जो नगर के गौरव और शौर्य का प्रतीक बनेगी।

समस्त राजपूत समाज पारंपरिक वेशभूषा एवं साफे पहनकर कार्यक्रम में शामिल होगा।

स्थान- शिव हनुमान मंदिर झंडा चौक, शामगढ़

समय- 9 अक्टूबर, प्रातः 11:30 बजे

## थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राठौर के नेतृत्व में डोडाचूरा तस्करी का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

यशस्वी दुनिया ⊙मंदसौर

मंदसौर। नईआबादी पुलिस ने थाना प्रभारी उप निरीक्षक कुलदीप सिंह राठौर के कुशल नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अंतरराज्यीय डोडाचूरा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 100 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा तथा आईसर कंपनी का ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की है, जिसकी कुल कीमत लगभग 12 लाख रुपये आंकी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 2 अक्टूबर 2025 को थाना नईआबादी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति बिना नंबर वाले नीले रंग के आईसर ट्रैक्टर-ट्रॉली (जिस पर नीले रंग का हुड लगा है) से अवैध डोडाचूरा भरकर मंदसौर-नीमच बायपास मार्ग की ओर जा रहे हैं।

सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राठौर के निर्देशन में पुलिस टीम ने अघोरिया फंटा, मंदसौर-नीमच हाईवे पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोकने की कार्रवाई की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन से दो आरोपियों – दशरथ पिता नंदलाल कुमावत (30 वर्ष) और बालु उर्फ बालाराम पिता कारूलाल पाटीदार (26 वर्ष), दोनों निवासी जवासिया थाना भावगढ़, मंदसौर – को पकड़ा। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें से लगभग 100 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित मादक पदार्थ जप्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ धारा 8/15, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। इस कार्रवाई में एक अन्य आरोपी सत्यनारायण पंडित निवासी ग्राम राकौदा थाना पिपलोदा फरार बताया गया है, जिसकी तलाश जारी है।

थाना प्रभारी कुलदीप सिंह राठौर ने बताया कि यह कार्रवाई जिले में बढ़ रही मादक पदार्थों की तस्करी पर नकेल कसने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा ऐसे अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। कार्यवाही में उनि बापूसिंह बामनिया सहित थाना नईआबादी पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

**जप्त सामग्री**

100 किलोग्राम डोडाचूरा, अनुमानित मूल्य रू 2,00,000

नीले रंग का आईसर कंपनी का ट्रैक्टर-ट्रॉली, मूल्य रू 10,00,000



# संपादकीय

## बिहार का 'आदर्श'

बिहार ज्ञान और जनक्रांति की धरती है। बिहार ने अध्यात्म सभ्यता, संस्कृति को सहेज कर रखा है। बिहार वह भू-भाग है जिसके बिना भारत के इतिहास की कल्पना नहीं की जा सकती। बिहार में ही चाणक्य जैसा राजनीतिज्ञ एवं कूटनीतिज्ञ, आर्यभट्ट जैसा वैज्ञानिक, सम्राट अशोक जैसा शासक और सिखों के दशम गुरु गुरु गोबिंद सिंह जैसे साहसी वीर पैदा हुए हैं। दुनिया की सबसे पुरानी यूनिवर्सिटी नालंदा विश्वविद्यालय बिहार में ही स्थापित हुई। बिहार के लोगों के बुद्धि कौशल के बारे में मशहूर है कि शिक्षा के मामले में बिहार के लोग काफी कुशल होते हैं लेकिन बिहार को लेकर के आम धारणाएं अच्छी नहीं हैं। बिहार के लोग बुद्धिमान और मेहनती हैं, ऐसा हर जगह सुना जाता है। इसके बावजूद बिहार गरीब और पिछड़ा राज्य है, यह भी सुना जाता है। ज्ञान भौगोलिक परिस्थितियों में तय होने वाला विषय कैसे हो सकता है। पहनावा, खान-पान, घरों के प्रकार, भूगोल द्वारा तय हो सकते हैं लेकिन लोगों के ज्ञान का पैमाना धारणाओं से तय नहीं किया जा सकता। गरीब और पिछड़े राज्य ने डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जैसे विद्वान दिए हैं तो वशिष्ठ नारायण सिंह जैसे सफल गणितज्ञ भी दिए हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत को विश्व गुरु बनाने में बिहार के लोगों की बहुत बड़ी भूमिका है। बिहार में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं। गरीबी में पले-बढ़े 18 वर्षीय छात्र-अन्वेषक आदर्श कुमार को बुधवार को लंदन में एक समारोह में एक लाख अमेरिकी डॉलर के 'ग्लोबल स्टूडेंट प्राइज 2025' का विजेता घोषित किया गया। आदर्श को 148 देशों से प्राप्त लगभग 11,000 नामांकनों और आवेदनों में से इस वार्षिक पुरस्कार के लिए चुना गया। यह पुरस्कार ऐसे असाधारण छात्र को दिया जाता है जिसने शिक्षा और समग्र समाज पर वास्तविक प्रभाव डाला हो। बिहार के चंपारण में जन्मे आदर्श का पालन-पोषण अकेले उनकी मां ने किया है। उनकी मां ने आदर्श की पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए दूसरे के घरों में झाड़ू-पोछा का काम किया। आदर्श जयपुर के जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल स्कूल (जेपीआईएस) में 30 लाख रुपये की पूर्ण छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले पहले छात्र बने और अब वह दूसरों को भी इसे प्राप्त करने के लिए मदद करते हैं। आदर्श को यूट्यूब और गूगल से छोटी उम्र में ही 'कोडिंग' और स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी का तब पता चला जब उनकी मां ने उन्हें लैपटॉप दिलाने के लिए अपनी जीवन भर की बचत खर्च कर दी थी। उन्होंने आठवीं कक्षा में अपना पहला उद्यम शुरू किया, जो असफल रहा। लेकिन उनके दूसरे उद्यम, 'मिशन बदलाव' ने 1,300 परिवारों को आयुष्मान भारत कार्ड, पेंशन, कोविड-19 टीके और स्कूल नामांकन जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद की। आदर्श की कहानी उसकी व्यक्तिगत जीत से कहीं ज्यादा है। उसकी कहानी एक युवा के हौंसले, कुछ कर दिखाने का जुनून और धैर्य का प्रतीक है। ऐसे युवाओं की आवाज सुनी जानी चाहिए जिनसे भारत के युवा प्रेरित हो सकें। आदर्श सिर्फ 1000 रुपए लेकर आईआईटी, जेईई की कोचिंग लेने कोटा चला गया था। तब उसके पास कोचिंग के लिए पैसे भी नहीं थे तो उसने मुफ्त लाइब्रेरी के वाई-फाई का इस्तेमाल कर ज्ञान हासिल किया। बिहार सर्वाधिक युवा आबादी वाला राज्य है। यहां करीब 60 प्रतिशत लोग 25 वर्ष से कम आयु के हैं। इन युवाओं में असीम क्षमता है। जो विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। हाल ही में जहानाबाद के आभाष कुमार को भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा भारत सरकार का युवा ''आइकन'' चुना गया। आभाष कुमार ने सामाजिक नवाचार, डिजिटल साक्षरता, शिक्षा जागरूकता, ग्रामीण विकास और युवाओं के संगठित प्रयासों के माध्यम से समाज में उल्लेखनीय योगदान दिया है। बिहार के अनेक युवा ऐसे हैं जिनके परिवार गरीब होते हुए भी उन्होंने आईएएस की परीक्षा पास की है। जरूरत है देश के युवाओं को ऐसे मंच उपलब्ध कराने की जहां उनकी प्रतिभा को निखारा जा सके ।

# ट्रक से 3920 किलो अवैध मछली जब्त तीन आरोपी गिरफ्तार, मछली की कीमत लगभग 3 लाख रुपए

यशस्वी दुनिया ⊙ मंदसौर



मंदसौर। जिले के भानपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार को अवैध रूप से मछली का परिवहन कर रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक ट्रक से 3920 किलोग्राम अवैध मछली जब्त की, जिसकी अनुमानित कीमत 3 लाख रुपए बताई जा रही है।

भैसोदामंडी चौकी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक टाटा कंपनी के छोटे ट्रक (क्रमांक GJ-32T8175) में चंबल नदी से निकाली गई अवैध मछली भरकर नीमथुर टोल चौराहा से भानपुरा-गरोठ होते हुए गुजरात ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। पुलिस ने ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली। ट्रक के कंटेनर में 112 कैरेट में 3920 किलोग्राम अवैध मछलियां भरी पाई गईं। जब्त की गई मछली की कीमत लगभग 3 लाख रुपए है। पुलिस ने मछली के परिवहन में उपयोग किए जा रहे ट्रक (कीमत 2 लाख रुपए) को भी जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अल्ताफ (57) पिता उमरशेख, जुबेर (40) पिता जावेद शेख, दोनों वेरावल, जिला गिर सोमनाथ, गुजरात निवासी, और राकेश (50) पिता किशनलाल, इंदौर निवासी के रूप में हुई।

आरोपियों के खिलाफ भानपुरा थाने में धारा 303 (2) बीएनएस और 5 मत्स्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और अवैध मछली के स्रोत तथा खपतकर्ताओं के बारे में पूछताछ जारी है।


ट्रेवल्स अहमदाबाद, इंदौर, भोपाल, राजकोट, सुरत, बड़ौदा, उज्जैन

मधुर काँटा की नई सौगात
इलेक्ट्रानिक तोलकाँटा



दूध डेयरी का सामान



डेयरी संबंधित सभी प्रकार की मशीन व मशीन के पार्ट्स उचित दाम पर मिलते है एवं सभी प्रकार की मशीनें रिपेयरिंग की जाती है।

साथ ही
आपके मकान, दुकान, गोडाऊन व व्यावसायिक स्थल की सुरक्षा हेतु
CCTV कैमरे लगवाईये।

L.E.D. T.V., नोट काउंटिंग मशीन
वारंटी व गारंटी के साथ
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुराने CCTV कैमरे रिपेयर भी किये जाते हैं

मधुर इंटरप्राइजेस ट्रेवल्स & कोरियर
प्रोप्रा. अनुप जैन (कदुभाई), गरोठ वाले
शिव हनुमान मंदिर के पास, मेनरोड़, बस स्टेण्ड, शामगढ़ Mob. 9977003920, 9179928540, 8224851378, 8889305176, 9685258614, 9174077485
हास्पीटल रोड़, गरोठ 9713314588, 7225855268






प्रो-टीपू शेख, मो-9893112773 आदिल मो-9806741851

राज लाइट डेकोरेशन
एण्ड डीजे साउंड




हमारे यहां लाईट डेकोरेशन, डीजे साउण्ड, जनरेटर, 5 केवीआर से 125 केवीआर जनरेटर व्यवस्था एवं इलेक्ट्रीक फीटिंग कार्य भी किया जाता है। जनरेटर खरीदे व बेचे जाते है। ए टू जेड जनरेटर व्यवस्था।



चामुण्डा कालोनी, माकड़ी माताजी रोड, शामगढ़



ज्योति ऑप्टीकल एण्ड आई केयर
आईसीआईसीआई बैंक के सामने, सुभाष मार्ग, शामगढ़
Mob.9752457614,9893826814
आधुनिक मशीनों द्वारा आंखो की जांच कर चश्मे बनाये जाते है विश्वसनीय कम्पनियों के चश्मे व गॉगल।
नैत्र रोग विशेषज्ञ- डॉ.विक्रांत भावसार
प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को उपलब्ध रहेंगें
समय प्रातः 10 से 1 बजे तक



# सुवासरा विधानसभा शामगढ़ के युवक ब्लॉक अध्यक्ष पवन पांडेय को तराना विधानसभा का प्रभारी बनाया गया

यशस्वी दुनिया ◉मंदसौर

मंदसौर/शामगढ़। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत संगठन में नई जिम्मेदारियाँ सौंपी जा रही हैं। इसी क्रम में सुवासरा विधानसभा के शामगढ़ ब्लॉक कांग्रेस युवक अध्यक्ष पवन पांडेय को तराना विधानसभा (जिला उज्जैन) का अभियान प्रभारी नियुक्त किया गया है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने यह नियुक्ति संगठन की रणनीतिक मजबूती और आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए की है।

पवन पांडेय की युवाओं में सक्रियता, संगठनात्मक क्षमता और क्षेत्र में कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने के प्रयासों को देखते हुए



उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।पवन पांडेय ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समर्पित रहेंगे और तराना विधानसभा में कांग्रेस की नीतियों को मजबूती से प्रस्तुत करेंगे।

## दूधाखेड़ी में भंडारे में 40 हजार लोगों ने प्रसाद लिया

गरोठ। बरखेड़ा गंगासा गांव स्थित दूधाखेड़ी माताजी मंदिर में 29वें भंडारे का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसमें करीब 40 हजार श्रद्धालु शामिल हुए। भंडारे का शुभारंभ माता की आरती और कन्या पूजन के साथ सुबह 8 बजे हुआ, जो शाम तक चला। इस अवसर पर मेला का भी लगा। इसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले और घर के छोटे-मोटे सामान की दुकानें लगाई गईं। यह भंडारा गरोठ से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित बरखेड़ा गंगासा गांव में हर साल आयोजित किया जाता है।

**यहां की मां की कृपा से लका ठीक होता**

भक्तों का मानना है कि मां की असीम कृपा से यहां लकवा रोगी ठीक हो जाते हैं और कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं लौटता।

सरदार पटेल
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
Cure With Care
अब आपके शहर शामगढ़ में
सुप्रसिद्ध हड्डी व शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ.आकाश मीणा
(हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ)
M.B.B.S, M.S., Orthopaedic Surgeon
हड्डी रोग
* हड्डी एवं जोड़ो का दर्द होना
* कमर दर्द एवं कंधे दर्द होना
* रीढ की हड्डी की चोट ।
* घुटनो का दर्द होना ।
* चलने की परेशानी होना ।
* गठिया रोग एवं नसों की सूजन ।
* हाथ पैरो एवं शरीर में कमजोरी होना
* झुनझुनी या सुन पढ जाना
* गतिविधि के दौरान पीठ दर्द का बढ जाना ।
* पीठ के निचले हिस्से में अकड़ने ।
नि:शुल्क परामर्श शिविर- दि.29-12-2024
हड्डी एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक रविवार
दोपहर 12 से 3 बजे तक
डॉ.भारद्वाज
MBBS, DCH
शिशु रोग विशेषज्ञ
* बच्चों का चिड़चिड़ापन
* लार टपकना
* बोल नहीं पाना, हकलाना
* झटके आना
* बार बार बुखार आना
* शारीरिक विकलांगता
* विस्तर में पेशाब करना
* वजन/लंबाई का ना बनना
* बच्चों में जन्म से पीलिया होना
* बार बार सर्दी खांसी होना
* बच्चों को भूख नहीं लगना
* बच्चों में खून की कमी
* बच्चों के छुटे हुए टिके
* बच्चों का वजन नहीं बढना
* रोग प्रतिरोग क्षमता बढाने हेतु .
समस्त प्रकार के वैक्सीन
कम्प्यूटराईज्ड लेब ICU ECG
मेडिकल एंबुलेंस ए.सी. ऑपरेशन थिएटर
सोनोग्राफी एवं स्त्री रोग संबंधित सभी ऑपरेशन अनुभवी
डॉ.अंजली (प्रसुति रोग विशेषज्ञ)
MBBS, DGO (OBS GYNIC)
अपनी सेवाएं सरदार पटेल हॉस्पिटल में नियमित रुप से देगें।
24/7 Emergency Services
रजिस्ट्रेशन करवाने हेतु सम्पर्क करें -07425-299214,9630656214
पता- 10, गरोठ रोड़, सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल,शामगढ़ जि.मन्दसौर (म.प्र.) कोड नं.-458883

शामगढ़ में अमूल दूध अब ओम दूध डेयरी पर
शुद्ध और पोष्टिक दुध, घर से घर तक
Amul DOODH
Now in SHAMGARH
6 लीटर और 1 लीटर उपलब्ध
उच्च क्वालिटी, पूर्ण मात्रा
शादी पार्टी में डिलेवरी हेतु सम्पर्क करे
9926839024
अधिकृत विक्रेता ओम दूध डेयरी
नगर परिषद काम्पलेक्स, शामगढ़

NOBLE
Computer Academy
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा
DCA
PGDCA
CPCT
BASIC
Tally Accounting Course only 45 Days
संचालक
राजमल मांदलिया
9977105210
Punjabi Colony, Shamgarh

गोपाल पटेल 9826055169
अर्जुन पटेल 9981235380
गोपाल जी (मट्टा सेठ) 9893633622
खाती पटेल
लाईट डेकोरेशन, डी.जे साउण्ड
शादी पार्टी में लाइट डेकोरेशन जनरेटर डीजे के लिये सम्पर्क करे
पता - गायत्री शक्तिपीठ के पास सगीरिया रोड़ शामगढ़

# कुएं में डूबने से नाबालिग लड़की की मौत

## मवेशियों को छोड़ने खेत पर गई थी, इसी दौरान हादसा हो गया

नीमच। एक नाबालिग लड़की की कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना सोमवार को कुकड़ेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम मोकड़ी में हुई। मृतक लड़की का नाम बिंदिया पिता राधेश्याम बंजारा है। उसकी उम्र 17 साल थी।

जानकारी के अनुसार, आज सुबह जब लड़की मवेशियों को छोड़ने खेत पर गई थी। इसी दौरान वह अचानक कुएं में गिर गई। आसपास के लोगों ने आवाज सुनकर उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को



पोस्टमॉर्टम के लिए मनासा अस्पताल भेजा गया, जहां सोमवार दोपहर में पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया।

**घटना के वक्त घर पर नहीं थे माता-पिता**

लड़की के माता-पिता घटना के समय राजस्थान के रामदेवरा में दर्शन के लिए गए थे। उन्हें यह दुखद सूचना रामदेवरा मंदिर पहुंचते ही मिली, जिसके बाद वे तुरंत अपने गांव के लिए रवाना हो गए। घर पर बिंदिया अपने भाई-बहन और दादाजी के साथ थी।

कुकड़ेश्वर थाना प्रभारी भीम सिंह सिसोदिया ने बताया कि शुरूआती जानकारी के अनुसार यह एक हादसा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने बताया कि बिंदिया मिलनसार और हंसमुख स्वभाव की थी। उसकी अचानक मौत से पूरे गांव में शोक है।

# संघ शताब्दी वर्ष पर शामगढ़ में भव्य पथ संचलन, राष्ट्रभक्ति और अनुशासन की अनूठी झलक



यशस्वी दुनिया ⊙शामगढ़

शामगढ़। विजयादशमी उत्सव के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर शामगढ़ द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त सोमवार को वृहद पथ संचलन का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रभक्ति, संगठन शक्ति और सामाजिक एकता का जीवंत प्रतीक बनकर नगरवासियों के हृदय में देशभक्ति की नई चेतना का संचार कर गया। कार्यक्रम का एकत्रीकरण मिडिल स्कूल ग्राउंड शामगढ़ में हुआ, जहाँ से संचलन का शुभारंभ भारत माता पूजन एवं शस्त्र पूजन के साथ विधिवत किया गया।

मुख्य अतिथि एवं बौद्धिक कार्यक्रम संचलन के पूर्व आयोजित बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. अमित जी धनोतिया एवं माननीय खंड संघ चालक श्री ललित जी चौधरी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री विजय जी केवलिया (सामाजिक सद्भाव प्रांत सहसंयोजक) ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया।

**अपने प्रेरक उद्बोधन में श्री विजय जी ने कहा —**

हम सब सौभाग्यशाली हैं जो संघ के शताब्दी वर्ष के साक्षी और सहभागी बने हैं। यह अवसर हमारे पूर्वज स्वयंसेवकों के तप, त्याग और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने 1925 में नागपुर से प्रारंभ हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों की गौरवमयी यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ का प्रमुख उद्देश्य भारत माता को सशक्त बनाना, हिंदू समाज को संगठित करना और राष्ट्रभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है।

**समाज विकास के पाँच प्रमुख सूत्र**

मुख्य वक्ता ने समाज के सर्वांगीण विकास हेतु पाँच प्रमुख बिंदुओं पर बल दिया –

1 स्वभाव में स्व के भाव का जागरण
2 नागरिक शिष्टाचार का पालन
3 परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करना
4 सामाजिक समरसता का पालन
5 पर्यावरण के प्रति जागरूकता

नगरवासियों ने किया पुष्पवर्षा से स्वागत

पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पुनः मिडिल स्कूल ग्राउंड पर आकर संपन्न हुआ। इस दौरान नगरवासियों ने अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत किया। स्वयंसेवकों की अनुशासित पंक्तियाँ, घोष ध्वनि और तिरंगा ध्वज की लहराहट ने माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

संघ शताब्दी वर्ष का यह पथ संचलन समाज एकता, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का जीवंत प्रतीक बना।

राष्ट्र है तो हम हैं – राष्ट्र निर्माण ही हमारा परम धर्म है।÷

ऐतिहासिक आयोजन बना शामगढ़ का पथ संचलन

कार्यक्रम में सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में सम्मिलित हुए। नगर के सामाजिक संगठनों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं नागरिकों द्वारा जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ।

शामगढ़ नगर में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित यह पथ संचलन संघ के शताब्दी वर्ष की ऐतिहासिक झलक के रूप में दर्ज हो गया, जिसने नगर में एकता, अनुशासन और राष्ट्रीय गौरव का भाव सशक्त किया।

**संघ शताब्दी वर्ष पर देशभर में आयोजन**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना वर्ष 1925 में नागपुर में डॉ. हेडगेवार द्वारा की गई थी। इस वर्ष संघ अपने 100 वर्ष पूर्ण कर रहा है। शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में सेवा, संस्कार और संगठन आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिनका उद्देश्य समाज में एकता, समरसता और राष्ट्रभक्ति को सुदृढ़ करना है।



**राधा कृष्ण किटी ग्रुप शामगढ़ द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पथ संचलन का सब्जी मंडी चौराहा पर स्वागत किया गया**

# मंदसौर में 12 अक्टूबर को बच्चों को पिलाएंगे पोलियो दवा

## कलेक्टर ने साप्ताहिक बैठक में दिए निर्देश; घर-घर भी मिलेगी खुराक

यशस्वी दुनिया ⊙मंदसौर



मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह में साप्ताहिक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भावांतर भुगतान योजना, पल्स पोलियो अभियान, सीएम हेल्पलाइन, खाद की उपलब्धता जैसे कई अहम विषयों पर समीक्षा की गई।

**भावांतर योजना के क्रियान्वयन पर विशेष जोर**

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत जिले के सभी पात्र किसानों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी पंजीयन केंद्र सक्रिय रहें और पोर्टल में तकनीकी समस्या आने पर उसका तुरंत समाधान हो। मंडी स्तर पर समितियां बनाकर नियमित बैठकें आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने मंडियों में हेल्प डेस्क स्थापित करने, योजना संबंधी चेकलिस्ट चस्पा करने और सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश भी दिए।

**पोलियो अभियान का व्यापक प्रचार करें अधिकारी**

बैठक में पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की भी समीक्षा हुई। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जिले में 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को 12 अक्टूबर 2025 को पोलियो की दवा पिलाई जाए। जो बच्चे इस दिन दवा नहीं पी सकेंगे, उन्हें 13 और 14 अक्टूबर को घर-घर जाकर दवा दी जाए। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर टास्क फोर्स की बैठकें आयोजित की जाएं और उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जाए।

**जनता से सहयोग की अपील**

कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को पोलियो से बचाने के लिए इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा पोलियो की दवा से वंचित न रहे ।


समस्या अनेक समाधान एक
अब आप अपने व्यापार एवं जीवन से संबंधित कई कार्य आसानी से कर पाएंगे..सिर्फ एक संपर्क पर
ONE DESK BUISNESS SOLUTIONS PVT LTD
आपके लिए लाया है
GST,Income Ta& ,Loan & Subsidy Services,Trust & Society Registration ,Startup Consultancy,Company/LLP Incorporation
की सेवाओं के साथ सिर्फ एक कॉल पर उपलब्ध संपर्क करे...
ONEDESK BUSINESS SOLUTIONS PVT. LTD.
पाटिल कॉलोनी H.N 34/35
मंदसौर 458001
Contact us -9109464400
onedeskwy@gmail.com
222.onedeskbiz.com

SEBI Reg. 2100274304
17 वर्षो से आपकी सेवा में
THE MONEY MAKER
INVESTMENTS & SOLUTIONS SERVICES
NSE, BSE, MCX, NCDEX Authorized
हमारी सेवाएँ - डिमेट U A/C, IPO, MUTUAL FUND, SIP, TAX सेविंग स्कीम, हैल्थ इंश्यूरेंस, लाईफ इंश्यूरेंस, शेयर ट्रेडिंग, कमोडिटी ट्रेडिंग, करंसी ट्रेडिंग, ऑपशन ट्रेडिंग, गर्वमेंट बॉड, कॉरपोरेट एफडी एवं फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट और म्यूच्वल फंड केश करवाये जाते हैं ।
संपर्क करे-श्री मल्हार काम्पलेक्स
डिम्पल चौराहा, शामगढ़ प्रोप्रा. अमित हरदे
संपर्क करे-मो. 9826783941, 9424083941

स्वामित्वाधिकारी, कैलाश विश्वकर्मा के लिए मुद्रक के द्वारा नकुल कंप्यूटर्स एंड ऑफसेट प्रिंटर्स नाकोड़ा परिसर, गली नंबर 2 जीरागंज, मंदसौर (म.प्र.) से मुद्रित कर सुभाष मार्ग, शामगढ़ जिला मंदसौर (म.प्र.) से प्रकाशित,डाक पंजीकरण संख्या मंदसौर / 405/ 2024-26 (संपादक कैलाश विश्वकर्मा) मो. 7898341111 MPHIN/2023/88306